# नियतकार्य

## बी. एड. कार्यक्रम
## प्रथम वर्ष
## (2024–25)

नियतकार्य
बी.एड. कार्यक्रम प्रथम वर्ष (जनवरी 2024)
शिक्षा विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

# नियतकार्य
# बी.एड. प्रथम वर्ष
# (2024—25)

**निर्देश :**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## बी.ई.एस.—121 : बाल्यावस्था एवं विकास

1. प्रतिकूल स्थितियों में बढ़ते हुए बच्चों के सामाजिक और सांवेगिक विकास की परिचर्चा कीजिए।
2. गन्दी बस्ती में बढ़ते हुए एक बच्चे के एक उदाहरण का प्रयोग करते हुए ब्रोनफेनब्रेनर के जैव पारिस्थितिक प्रतिमान (मॉडल) का वर्णन कीजिए।
3. किशोरों को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो समकालीन मुद्दों की परिचर्चा कीजिए। इन मुद्दों को सुलझाने में शिक्षक की भूमिका पर परिचर्चा कीजिए।

## बी.ई.एस.—122 : समकालीन भारत और शिक्षा

1. भारत में शिक्षा के लिए विविध संवैधानिक प्रावधानों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए। निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के लिए कौन सा प्रावधान बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
2. प्लेटो और जॉन डिवी के शैक्षिक दर्शन में उपयुक्त उदाहरणों द्वारा तुलना कीजिए और वैषम्य स्थापित कीजिए। वर्तमान शिक्षा परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए।

3. विद्यालय पाठ्यचर्या में विशिष्ट पाठ्यचर्या सम्बन्धी मुद्दों का परीक्षण कीजिए। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व–विकास के लिए इन मुद्दों का समाधान किस प्रकार किया जा सकता है ? अपने स्वयं के विचारों से इसे सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**बी.ई.एस.–123 : अधिगम और शिक्षण**

1. सक्रिय अधिगम (ऐक्टिव लर्निंग) से आप क्या समझते हैं ? कक्षाकक्ष में सक्रिय अधिगम को प्रोत्साहित करने के लिए विविध रणनीतियों की परिचर्चा कीजिए।
2. अंतर्भूत और बहिःस्थ अभिप्रेरणाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए। कक्षाकक्ष में अपने शिक्षार्थियों को अभिप्रेरित करने के लिए आप किन तरीकों को अपनायेंगे? परिचर्चा कीजिए।
3. माध्यमिक स्तर की पाठ्यचर्या से अपनी पसन्द के विषय से समस्याओं की पहचान कीजिए और व्याख्या कीजिए कि किस प्रकार समस्या–समाधान उपागम उस समस्या के समाधान में आप की सहायता करता है।

**बी.ई.एस.–124 : पाठ्यचर्या पर्यन्त भाषा**

1. कक्षाकक्ष अन्तःक्रिया किस प्रकार भाषा अधिगम की ओर ले जाती है? विभिन्न प्रकार की कक्षाकक्ष अन्तःक्रियाओं की परिचर्चा कीजिए।
2. 'भाषा अधिगम का आधार है।' अपनी रणनीतियों के उदाहरणों से इस कथन का सविस्तार प्रतिपादन कीजिए जिनका कि आप भाषा अधिगम को सहज बनाने के लिए प्रयोग करेंगे जो कि आप के शिक्षण–शास्त्र के लिए विशिष्ट है।
3. स्व–आकलन (सेल्फ असेसमेंट) और समसमूह आकलन (पीयर असेसमेंट) में क्या अन्तर हैं? माध्यमिक स्तर पर आप द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषय में लिखित कार्यों के स्व–आकलन के लिए एक रूब्रिक विकसित कीजिए।

**बी.ई.एस.–125 : शास्त्रों एवं विषयों की समझ**

1. एक शास्त्र की अवधारणा और विशिष्टताओं की व्याख्या कीजिए। शास्त्रों के विविध रूपों की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।
2. शास्त्रों के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।
3. शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षणशास्त्र (लर्नर सेंटर्ड पेडागॉजी ) क्या है? ज्ञान के निर्माण के लिए शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षणशास्त्र शिक्षार्थियों की किस प्रकार सहायता करता है? उपयुक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।

**बी.ई.एस.–141 : विज्ञान शिक्षण**

1. एन.सी.एफ.–2005 के बाद विज्ञान के शिक्षण–अधिगम में कौन से शिक्षण शास्त्रीय परिवर्तत हुए? शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया के विविध पहलुओं में हुए परिवर्तनों की परिचर्चा कीजिए।
2. विज्ञान शिक्षण–अधिगम में सहयोगी अधिगम विधियों (कोऑपरेटिव लर्निंग मेथड) के महत्व की परिचर्चा कीजिए। किन्हीं दो सहयोगी अधिगम तकनीकों की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा व्याख्या कीजिए जिनका कि आप अपने विज्ञान कक्षाकक्ष में प्रयोग करना चाहेंगे।
3. ब्लू प्रिन्ट क्या है? माध्यमिक स्तर पर विज्ञान से एक शीर्षक का चयन कीजिए। एक लब्धि परीक्षण के निर्माण के लिए एक ब्लू प्रिंट तैयार कीजिए। परीक्षण में ज्ञान, अवबोध और अनुप्रयोग (नॉलेज, अन्डरस्टैंडिंग ऐन्ड अप्लीकेशन) प्रत्येक से सम्बन्धित (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के विषय हो सकते हैं।

**बी.ई.एस.–142 : सामाजिक विज्ञान शिक्षण**

1. माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान शिक्षण के क्या उद्देश्य हैं? भारतीय विद्यालयों के सन्दर्भ में सामाजिक विज्ञान शिक्षक के सन्दर्भों और सरोकारों की परिचर्चा कीजिए।
2. माध्यमिक विद्यालय स्तर पर राजनीति विज्ञान शिक्षण के मुख्य उद्देश्य क्या हैं? उन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए राजनीति विज्ञान शिक्षण के लिए आप किन विधियों का प्रयोग करेंगे? सोदाहरण वर्णन कीजिए।
3. मान लीजिए आगामी दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा के लिए सामाजिक विज्ञान में प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए आप के विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा आप से आग्रह किया जाता है। उसी प्रश्नपत्र को तैयार करते समय आप किन चरणों का पालन करेंगे? वर्णन कीजिए।

**बी.ई.एस.–143 : गणित शिक्षण**

1. गणित में ज्ञान किस प्रकार अभिपुष्ट (वैलिडेट) और सिद्ध किया जाता है? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से परिचर्चा कीजिए।
2. आगमनात्मक और निगमनात्मक उपागमों में भिन्नताओं की परिचर्चा कीजिए। गणित कक्षाकक्ष में ये उपागम किस प्रकार कार्य करते हैं ? एक उदाहरण की सहायता से परिचर्चा कीजिए।
3. इकाई योजना में संकल्पना मानचित्रण (कंसेप्ट मैपिंग) के प्रयोग के बारे में आप क्या समझते हैं? माध्यमिक स्तर गणित से एक इकाई का चयन कीजिए। चयनित इकाई पर संकल्पना मानचित्रण के माध्यम से एक इकाई योजना का विकास कीजिए।

**BES 144 PEDAGOGY OF ENGLISH**

1. Are the strategies used by learners actively engaged in the construction of knowledge? As a teacher how will you support these strategies?

2. Discuss the ways in which the teacher can create a natural learning environment for the development of writing skills. Give examples to substantiate your answer.

3. What is the difference between pre-listening, while -listening and post-listening activities? Set up one activity to test each of these stages

**बी. ई. एस. १४५ भाषा शिक्षण**

1. भाषा की प्रकृति का वर्णन कीजिए। भाषा के किन्ही चार प्रकार्यों को उदाहरण सहित समझाइए।

2. लेखन के प्रकारों एवं उनकी शिक्षण विधियों का वर्णन कीजिए।

3. कक्षा 10 की हिन्दी पाठ्य-पुस्तक से कोई एक काव्य रचना चुनिए। काव्य शिक्षण की प्रक्रिया के सोपानों को समझाते हुए उस काव्य रचना पर एक पाठ-योजना तैयार कीजिए।

,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,